कार्यालय, उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद
संख्या–............/1/डी.आर./एस–4/2016–17
इलाहाबादःदिनांक 27 अगस्त, 2018

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–3/2016–17, विभाग संख्या एस–4/1 से एस–4/21 के अन्तर्गत विज्ञापित उत्तर प्रदेश विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा (पुरूष शाखा) व **विज्ञापन संख्या–5/2016–17, विभाग संख्या एस–4/22 से एस–4/33** (महिला शाखा) संवर्ग के अन्तर्गत प्रवक्ता राजकीय इंटर कालेज (सामान्य चयन) हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा निम्न कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी:–

क स.	परीक्षा का नाम	परीक्षा तिथि	जनपद का नाम
1	प्रवक्ता राजकीय इंटर कालेज (महिला/पुरूष शाखा) (सामान्य चयन) स्क्रीनिंग परीक्षा–2017	23.09.2018 (रविवार)	इलाहाबाद व लखनऊ

2–उक्त स्क्रीनिंग परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षा योजना निम्नानुसार है:–

- परीक्षा उपर्युक्त तिथि के अनुसार एक सत्र (पूर्वान्ह 11:30 बजे से 1:30 बजे तक अर्थात 02 घण्टे की) में इलाहाबाद व लखनऊ जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- परीक्षा हेतु 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्नों वाला एक प्रश्न–पत्र होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।
- प्रश्न–पत्र निम्नानुसार दो भागों में विभक्त होगा:–

भाग	विषय	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	पूर्णांक	समय
I	सामान्य अध्ययन	वस्तुनिष्ठ प्रकारक	30	30	150	02 घण्टे
II	सम्बन्धित विषय (प्रवक्ता पद) हेतु	वस्तुनिष्ठ प्रकारक	120 (उक्त 120 प्रश्न सम्बन्धित विषय के पाठ्यक्रम के अनुसार होंगे)	120		
कुल प्रश्नों की संख्या			150	कुल अंक 150		

3–परीक्षा से सम्बन्धित विषयों के पाठ्यक्रम को आयोग की वेबसाइट **http//:uppsc.up.nic.in** पर अपलोड कर दिए गया है, जो दिनांक 23.09.2018 तक उपलब्ध रहेगा।

4–आनलाइन आवेदन करने वाले तथा जिनके अभिलेख/आवेदन पत्र विज्ञापन की निर्धारित अंतिम तिथि तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो गए हैं ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को उनके दावे के आधार पर पूर्णतया औपबन्धिक रूप से स्क्रीनिंग परीक्षा हेतु प्रवेश दिया गया है। अभ्यर्थी पूर्णतया आश्वस्त होने के पश्चात् कि वे आवेदन की अंतिम तिथि तक पद हेतु सभी अर्हताएं धारित करते हैं, तभी परीक्षा में सम्मिलित हों अन्यथा किसी स्तर पर यह पाये जाने पर कि अभ्यर्थी विज्ञापन में प्रकाशित अर्हता धारित नहीं करता है, तो उसका अभ्यर्थन आयोग द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा।

सचिव।